# माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश, भोपाल

32 पृष्ठीय

परीक्षार्थी द्वारा भरा जावे ↓

| परीक्षा का विषय | विषय कोड | परीक्षा का माध्यम |
|---|---|---|
| भौतिक विज्ञान | 130 | |

स्टीकर तीर के निशान ↓ से मिलाकर लगायें

उत्तर पुस्तिका का क्रमांक **B-23** 5570806

परीक्षार्थी का रोल नम्बर

अंकों में

| 2 | 3 | 6 | 3 | 2 | 5 | 5 | 1 | 3 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|

शब्दों में

| दो | तीन | छः | तीन | दो | पांच | पांच | एक | तीन | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|

नीचे दिए गए उदाहरण अनुसार रोल नम्बर भरें।

| उदाहरणार्थ | 1 | 1 | 2 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 | 8 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | एक | एक | दो | चार | तीन | नौ | पांच | छः | आठ |

प्रश्न पत्र का सेट A

केन्द्राध्यक्ष / सहायक केन्द्राध्यक्ष एवं पर्यवेक्षक द्वारा भरा जावे

परीक्षार्थी का कक्ष क्रमांक

परीक्षा का दिनांक 15 03 2023

परीक्षा का नाम एवं परीक्षा केन्द्र क्रमांक की मुद्रा

वर्ष-2023

केन्द्राध्यक्ष
हायर सेकेण्डरी परीक्षा
केन्द्र क्रमांक-631006

| पर्यवेक्षक का नाम एवं हस्ताक्षर | केन्द्राध्यक्ष / सहायक केन्द्राध्यक्ष के हस्ताक्षर |
|---|---|
| Rashmi Dubey | N. Bhatnagar |

परीक्षक एवं उपमुख्य परीक्षक द्वारा भरा जावे ↓

प्रमाणित किया जाता है कि होलो क्राफ्ट स्टीकर क्षतिग्रस्त नहीं पाया गया तथा अन्दर के पृष्ठों के अनुरूप मुख्य पृष्ठ पर अंकों की प्रविष्टी एवं अंकों का योग सही है।

निर्धारित मुद्रा : नाम, पदनाम, मोबाईल नम्बर, परीक्षक क्रमांक एवं पदांकित संस्था के नाम की मुद्रा लगाएं।

| उप मुख्य परीक्षक के हस्ताक्षर एवं निर्धारित मुद्रा | परीक्षक के हस्ताक्षर एवं निर्धारित मुद्रा |
|---|---|
| O.L. MOHARE 782115 | Anita Dubey (U.M.T.) G.H.S. AWALAJHARI V.N.-782119 |

केवल परीक्षक द्वारा भरा जावे।
प्रश्न क्रमांक के सम्मुख प्राप्तांकों की प्रविष्टी करें।

| प्रश्न क्रमांक | पृष्ठ क्रमांक | प्राप्तांक (अंकों में) |
|---|---|---|
| 1 | | |
| 2 | | |
| 3 | | |
| 4 | | |
| 5 | | |
| 6 | | |
| 7 | | |
| 8 | | |
| 9 | | |
| 10 | | |
| 11 | | |
| 12 | | |
| 13 | | |
| 14 | | |
| 15 | | |
| 16 | | |
| 17 | | |
| 18 | | |
| 19 | | |
| 20 | | |
| 21 | | |
| 22 | | |
| 23 | | |
| 24 | | |
| 27 | | |
| 28 | | |

S.I. DUDHGORE (H.V.)
Govt.Ex.School Balaghat
V.N.782108

BOARD OF SECONDARY EDUCATION, MADHYA PRADESH, BHOPAL

प्र क्र.

## प्रश्नोत्तर क्र - 01

01 1917

02 चीन

03 हेग

04 10 दिसम्बर को

05 रियो डी जेनेरी

06 डी. के. बरुआ ने

## प्रश्नोत्तर क्र - 02

1. संयुक्त राष्ट्र संघ का सबसे महत्त्वपूर्ण अंग सुरक्षा परिषद है।

2. राज्य पुनर्गठन आयोग का गठन सन् 1953 मे हुआ।

3. स्वतन्त्रता के समय मे देशी रियासतो की संख्या 565 थी।

4. भारत मे मिश्रीत अर्थव्यवस्था प्रणाली को अपनाया गया है।

5. भारत की विदेशनीति के जनक पण्डित जवाहरलाल नेहरू है।

6. सिक्किम राज्य सन 1975 मे बना।

7. भारतीय जनता पार्टी एक राजनीतिक दल है।

+ =

पृष्ठ कुल अंक

प्रश्न क्र.

## प्रश्नोत्तर क्र-3

1 यूरोपीय संघ को नोबल शान्ति पुरस्कार - 2012

2 शिमला समझौता - 1972

3 भारत का प्रथम परमाणु परीक्षण - 1974

4 संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना - 1945

B 5 वैश्वीकरण - 1991

S रमाणु अप्रसार सन्धि (NPT) - 1968

E

## प्रश्नोत्तर क्र-04

उ० यूरोपीय संघ के झण्डे में 12 सितारे है।

उ० अमेरिकी वर्ल्ड ट्रेड सेन्टर पर 11 सितम्बर 2001 को आतंकी हमला हुआ था।

उ० विश्व ग्राम की संरचना को वैश्वीकरण कहते है।

उ० द्वि-राष्ट्र सिद्धांत का प्रतिपादन मुस्लिम लीग ने किया

उ० प्रथम पंचवर्षीय योजना 1951 में लागू हुई।

उ श्वेत क्रान्ति का सम्बन्ध दुग्ध उत्पाद से है।

योग पूर्व पृष्ठ

BOARDOFSECONDARYEDUCATION,MADHYAPRADESH,BHOPAL

प्रश्न क्र.

307 गरीबी हटाओ का नारा इन्दिरा गांधी ने दिया था।

## प्रश्नोत्तर क्र-05

1. बर्लिन की दीवार का गिरना शीतयुद्ध का अन्त था। ✓
2. भारत ने क्योटो प्रोटोकाल (1997) पर हस्ताक्षर किए है। ✓
3. वैश्वीकरण से रोजगार के अवसर कम हो जाते है। ×
4. पंचशील समझौता भारत और चीन के मध्य हुआ। ✓
5. मण्डल आयोग का संबंध महिलाओं से है। ×
6. आन्ध्र प्रदेश की भाषा तेलगू है। ✓

## प्रश्नोत्तर क्र-6

### शॉक थैरेपी (Shock Therapy)

शॉक थैरेपी का अर्थ है- आघात पहुचाकर उपचार करना। श
थैरेपी की सर्वोपरि मान्यता थी कि मिल्कियत का स
सबसे प्रभावी रूप निजी स्वामित्व होगा। इसके अन्तर्गत
सामूहिक फार्म को निजी फार्म में बदलकर पूँजीवादी

पद्धति से खेती की गई थी।

प्रश्नोत्तर क्र-07 (अथवा)

***सुरक्षा की पारंपरिक धारणा***

**(Traditional Nations of Security)**

सुरक्षा की पारम्परिक धारणा में सैन्य खतरे को किसी देश के लिए सबसे ज्यादा खतरनाक माना जाता है। इस खतरे का स्त्रोत कोई दूसरा मुल्क होता है सैन्य हमले की धमकी देकर सम्प्रभुत्ता व क्षेत्रीय अखण्डता जो किसी देश के केन्द्रीय मूल्यों के लिए खतरा पैदा करता है।

प्रश्नोत्तर क्र-8 (अथवा)

***ग्लोबल वार्मिंग***

**(Global Warming)**

ग्लोबल वार्मिंग की परिघटना में विश्व का तापमान बढ़ जाता है। कार्बन डाईआक्साइड, मीथेन तथा अन्य हानिकारक गैसों की मात्रा में वृद्धि से यह घटना और अधिक बढ़ जाती है तथा इसमें समुद्र तल की ऊँचाई बढ़ने का भी खतरा रहता है।

प्रश्न.

## प्रश्नोत्तर क्र - 9

### ★ वैश्वीकरण ★

### (Globalization)

जब विश्व के विभिन्न देशों के बीच वस्तु, सेवा, पूंजी एवं बौद्धिक सम्पदा का आदान-प्रदान बिना किसी बाधा या प्रतिबन्ध के होता है तो उसे वैश्वीकरण कहते हैं। यह तभी संभव है जब ऐसे आदान-प्रदान मे किसी देश द्वारा बाधा उत्पन्न ना की जाए।

### ★ वैश्वीकरण में सम्मिलित उपाय ★

- सीमा शुल्क मे कमी
- विदेशी पूंजी के मुक्त प्रवाह की अनुमति

## प्रश्नोत्तर क्र - 10

### ★ योजना आयोग ★


### (Planning Commission)

योजना आयोग की स्थापना मार्च 1950 में भारत सरकार ने एक सीधे-सादे प्रस्ताव के जरिए की थी। यह आयोग एक सलाहकार की भूमिका निभाता है और इसकी सिफारिशें तभी प्रभावकारी होती हैं जब मन्त्रिमण्डल इसे मंजूरी दे।

मध्यप्रदेश
MADHYAPRADESH BHOPAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION, MADHYAPRADESH, BHOPAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION, MADHYAPRADESH, BHOPAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION

ल क्र.

## प्रश्नोत्तर क्र-11 (अथवा)




BSE

## प्रश्नोत्तर क्र-12 (अथवा)

### ★ सिंडिकेट ★

(Syndicate)

सिंडिकेट कांग्रेस के अन्दर ~~व~~ एक प्रभावशाली नेताओं का समूह था। सिंडिकेट के अगुआ ~~मप्र~~ मद्रास प्रान्त के भूतपूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष के कामराज थे। लालबहादुर शास्त्री और इन्दिरा गांधी दोनो सिंडिकेट की सहायता से ही प्रधानमंत्री पद पर आरूढ हुए थे।

BOARDOFSECONDARYEDUCATION,MADHYAPRADESH,BHOPAL BOARDOFSECONDARYEDUCATION,MADHYAPRADESH,BHOPAL BOARDOFSECONDARYEDUCATION,MADHYAPRADESH,BHOPAL

प्रश्न :

## प्रश्नोत्तर क्र -13 (अथवा)

### ★ प्रेस सेंसरशिप ★
### (Press Censorship)

आपातकाल के दौरान सरकार ने प्रेस की आजादी पर प्रतिबन्ध लगा दिया। अखबारों को कुछ भी छापने से पहले सरकार की अनुमति लेना आवश्यक था। इसे ही प्रेस सेंसरशिप कहते हैं।

## प्रश्नोत्तर क्र. -14 (अथवा)

BSE

भारत के पुर्वोत्तर क्षेत्र को सात बहने कहा जाता है। इसके अन्तर्गत नि॰ लि॰ राज्य आते हैं:-

1) मिजोरम
2) नागालैंड
3) मणिपुर
अरूणाचल प्रदेश
असम
6) त्रिपुरा
7) मेघालय

प्र. क्र.

## प्रश्नोत्तर क्र-15 (अथवा)

मण्डल

### ★मंडल आयोग की सिफारिशें★

(Recommend of Mandal Commission)

(i) अन्य पिछडा वर्ग की सरकारी नौकरियों व शिक्षण-संस्थाओं मे 27% सीट आरक्षित की जाए।

(ii) अन्य पिछडा वर्ग की स्थिति सुधारने के लिए भूमि-सुधार प्रयास भी किए जाने चाहिए।

प्रश्क्र.

प्रश्नोत्तर क्र- 16 (अथवा)

★ सोवियत संघ के विघटन के कारण ★

(Reasons of disintegrate of 'Soviet Union')

| | | |
|---|---|---|
| (i) अन्दरूनी कमजोरी | (ii) गतिरुद्ध अर्थव्यवस्था | (iii) जनता के साथ विश्वासघात |

I
S
I

(i)→ सोवियत संघ की अधिकांश संस्थाएं अन्दरूनी कमजोरी के कारण यहा के लोगो की राजनैतिक व आर्थिक आकांक्षाओं को पूरा नहीं कर सकी।

(ii)→ कई सालो तक गतिरुद्ध अर्थव्यवस्था रही इससे हर तरह की उपभोक्ता वस्तु की कमी हो। सोवियत संघ की आबादी का बहुत बड़ा हिस्सा अपनी राजव्यवस्था को शक की दृष्टि से देखने लगा।

(i)→ सालो से यहाँ की जनता को बत्त बताया जा रहा था कि समाजवादी व्यवस्था पश्चिम के पूँजीवाद से बेहतर है लेकिन सच तो यह था कि सोवियत संघ बहुत पिछड़ा चुका था। इससे जनता को मनोवैज्ञानिक रूप से धक्का लगा।

उपरोक्त सभी कारणों के कारण सोवियत संघ का विघटन हो गया।

याग पृ

ल क्र.

प्रश्नोत्तर क्र-17 (अथवा)

आसियान दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों का एक संगठन है। इसकी स्थापना 1967 में हुई थी।

★आसियान विजन 2020 के उद्देश्य★

(Objectives of the 'ASEAN Vision 2020)

(i) आसियान विजन 2020 के अन्तर्गत अन्तर्राष्ट्रीय समुदाय में आसियान की बहुमुखी भूमिका को प्रधानता दी गई।

B
S (ii) आसियान द्वारा टकराव के स्थान पर परस्पर वार्ताओं द्वारा समस्याओं के समाधान की नीति अपनाई गई है। इसके चलते आसियान पूर्वी तिमोर तथा कम्बोडिया के टकराव को टाला है।
E

(iii) आसियान विश्व शक्तियों को राजनीतिक एवं सुरक्षा मामलों में विचार-विमर्श हेतु एक मंच भी उपलब्ध कराता है।

(iv) आसियान की असली ताकत अपने सदस्य राष्ट्रों तथा सभी गैर-क्षेत्रीय सदस्य राष्ट्रों के मध्य परस्पर संवाद एवं परामर्श करने की नीति में है।

प्रश्न क्र.

## प्रश्नोत्तर क्र - 18

### ★राष्ट्र निर्माण की तीन चुनौतियाँ★

(The three challenges of 'Nation Building)

| राष्ट्रीय एकता की चुनौती | लोकतन्त्र कायम करने की चुनौती | विकास की चुनौती। |
|---|---|---|

(i) पहली और तात्कालिक चुनौती एकता के सूत्र में बन्धे ऐसे भारत को गढ़ने की थी - जिसमें भारतीय समाज की सारी विविधताओं के लिए जगह हो।

(ii) दूसरी चुनौती लोकतन्त्र कायम करने की थी। चुनौती यह भी थी संविधान से मेल खाते लोकतान्त्रिक व्यवहार व बरताव चलन में आए।

(iii) तीसरी चुनौती ऐसे विकास की थी जिसमें समूचे समाज का भला हो ना कि कुछ तबकों का।

क्र.

## प्रश्नोत्तर क्र - 19 (अथवा)

### ★ आपातकाल के सबक ★

(Three lessons of the 'Emergency)

| | | |
|---|---|---|
| लोकतन्त्र को विदा करना कठिन | आपातकाल के प्रावधानों मे सुधार | न्यायपालिका की सक्रियता |

(i) आपातकाल का पहला सबक यही है कि भारत से लोकतन्त्र को विदा करना कठिन है क्योंकि आपातकाल के दौरान भारत भले ही लोकतान्त्रिक न रहा हो लेकिन आपातकाल की समाप्ति के बाद सारा काम लोकतान्त्रिक दौर पर लौट आया।

(ii) दूसरे सबक आपातकाल के प्रावधानों में सुधार था। अब आपातकाल सिर्फ सशस्त्र विद्रोह की स्थिति मे ही लगाया जाएगा साथ ही यह भी जरूरी है कि इसकी सूचना मन्त्रिपरिषद् राष्ट्रपति को लिखित रूप में दे।

(iii) तीसरा सबक यह है कि इससे हर कोई नागरिक अपने अधिकारो के प्रति ज्यादा सचेत हुआ तथा न्यायपालिका ने भी नागरिकों के अधिकारो मे की रक्षा मे सक्रिय भूमिका निभाई।

प्रश्नोत्तर क्र - २०

(i) सार्क का पुरा नाम - South Asian Association for Regional Caperation

अर्थात "दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन"।

(ii) सार्क की स्थापना सन 1985 मे हुई थी। इसका मुख्यालय नेपाल मे है। अब तक सार्क के 18 शिखर सम्मेलन हो चुके है।

(iii) सार्क संगठन के सदस्य देश:-
- भारत
- नेपाल
- भूटान
- श्रीलंका
- पाकिस्तान
- बांग्लादेश
- मालदीव

सन 2007 मे अफगानिस्तान मे सामिल हो गया और इसकी सदस्य संख्या 8 हो गई है।

★ सार्क के उद्देश्य ★

(Aim of SAARC Organization)

(i) दक्षिण एशिया के देशो के मध्य परस्पर आर्थिक विकास, वैज्ञानिक प्रगति तथा सांस्कृतिक विकास को बढ़ावा देना।

योग पूर्व पृष्ठ | पृष्ठ 15 के अंक | कुल अंक

MADHYAPRADESH,BHOPAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION MADHYAPRADESH,BHOPAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION

प्रश्न क्र

(ii) दक्षिण एशिया के देशो मे विकास कार्यक्रमो को लागू करके इस क्षेत्र की जनता के जीवन स्तर में सुधार करना।

(iii) दक्षिण एशिया के लोगो को सभी प्रकार की आवश्यक सुविधाएँ प्रदान करना जैसे स्वास्थ्य, शिक्षा आदि। इस क्षेत्र की जनता में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना।

(iv) इस क्षेत्र की जनता की सभी समस्याओं का निराकरण करना ताकि यह क्षेत्र प्रगति कर सके।

(v) सार्क का उद्देश्य इसके सदस्य देशो के मध्य व्याप्त विवादो का शान्तिपूर्ण समाधान करके देशो के मध्य सहयोग की राह दिखाना है।

(vi) सार्क के देशों ने 2004 मे साफ्टा पर हस्ताक्षर किए थे ताकि इन देशों के मध्य परस्पर व व्यापारिक सहयोग को बढ़ावा मिले।

(vii) सार्क का उद्देश्य अपने क्षेत्र मे शान्ति व्यवस्था बनाए रखना है ताकि यह क्षेत्र निरन्तर विकास एव प्रगति के मार्ग पर अग्रसर हो सके।

(viii) सार्क का उद्देश्य इस क्षेत्र की ग्रामीण जनता के जीवन स्तर में सुधार करके उन्हे रोजगार के बेहतर साधन उपलब्ध कराना है।

(ix) सार्क का उद्देश्य सभी अन्तर्राष्ट्रीय अन्तर्राष्ट्रीय संगठनो

के साथ लाभकारी एवं घनिष्ठ सम्बन्ध बनाए रखना भी है।

## *सार्क का महत्व*

## (Importance of SAARC)

(i) सार्क दुनिया का सबसे घनी आबादी वाला क्षेत्र है।

(ii) सार्क क्षेत्र के अन्तर्गत विश्व की जनसंख्या का 21% तथा कुल क्षेत्र का 3% भाग सम्मिलित है।

(iii) सार्क के सभी देशो मे विभिन्न राजनीतिक प्रणाली, संस्कृति तथा अलग-अलग धर्मों के लोग है फिर भी सार्क इन सभी देशो के मध्य उचित तालमेल बनाए रखता है।

(v) सार्क के सदस्य देशो मे अनेक विभेदो व तनावो के बावजूद भी परस्पर व्यापारिक व सहयोगात्मक संबंध विद्यमान है।


(v) सार्क के सम्मेलनो मे इसे और अधिक विकसित बनाने के लिए कार्यक्रम भी तैयार किए है और जल्दी ही यह क्षेत्र प्रगति के मार्ग पर अग्रसर भी होगा।

प्रश्नोत्तर क्र-21 (अथवा)

संयुक्त राष्ट्र संघ के दूसरे महासचिव डेग हेमरसोल्ड के अनुसार:-

"संयुक्त राष्ट्र संघ का गठन मामवता को स्वर्ग पहुँचाने के लिए बल्कि उसे नरक से बचाने के लिए हुआ है।"

संयुक्त राष्ट्र संघ (United Nations Organization) को आज विश्व का सबसे शक्तिशाली व अनिवार्य संगठन माना जाता है। इसकी स्थापना 24 अक्टूबर 1945 को हुई थी।



BOARDOFSECONDARYEDUCATION,MADHYAPRADESH,BHOPAL BOARDOFSECONDARYEDUCATION,MADHYAPRADESH,BHOPAL

प्रश्न क्र.

## ★युद्धों एवं विवादों का शान्तिपूर्ण समाधान★

(i) संयुक्त राष्ट्रसंघ का प्रमुख कार्य विश्व के सभी देशों के मध्य व्याप्त युद्धों एवं विवादों का सदैव शान्तिपूर्ण समाधान करना है।

(ii) यह शान्ति विरोधी तत्वों के दमन एवं निराकरण हेतु सबसे प्रभावी कदम उठाता है।

(iii) संयुक्त राष्ट्र संघ परस्पर समझौते एवं वार्ताओं द्वारा हर समस्या का समाधान करके शान्ति व्यवस्था को बनाए रखता है।

## ★विभिन्न समस्याओं का समाधान★

(i) संयुक्त राष्ट्र संघ विश्व व्यापी समस्याओं का समाधान भी करता है क्योंकि कई बार राष्ट्रों के समाने ऐसी चुनौतियाँ आती हैं जिससे साथ मिलकर ही हल किया जा सकता है।

(ii) उदाहरण:- ग्लोबल वार्मिंग को कोई एक देश हल नहीं कर सकता है ऐसी समस्या के लिए विश्वव्यापी समर्थन आवश्यक है।

(iii) ऐसी समस्याओं के समाधान में संयुक्त राष्ट्र संघ विभिन्न रूपरेखाएँ तथा कार्यक्रमों को लागू करता है।

## ★ समन्वय की भावना का विकास ★

(i) संयुक्त राष्ट्र संघ की एक मंशा पूरे विश्व के राष्ट्रों के मध्य सहयोग एवं समन्वय की भावना बनाए रखना है।

(ii) संयुक्त राष्ट्र संघ ऐसे झगड़ो को रोकने का काम करता है जो आगे चलकर युद्ध का रूप ले सकते हैं।

(iii) संयुक्त राष्ट्र संघ युद्ध होने की स्थिति में शत्रुता के दायरे को सीमित करके शान्ति व्यवस्था को बनाए रखता है।

## ★ समानाधिकार एवं आत्मनिर्णय ★

(i) संयुक्त राष्ट्रो सभी देशों को सहयोग की राह दिखाकर उनके प्रगतिशील कार्यक्रमों में योगदान करता है।

(ii) संयुक्त राष्ट्र की मंशा पूरे विश्व में सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देकर विश्व के देशों को एक साथ लाने की।

(iii) संयुक्त राष्ट्र की विभिन्न एजेंसियां भी लोगों के जीवन स्तर को सुधारने का कार्य करता है जैसे-बीमरी की रोकथाम में → विश्व स्वास्थ्य संगठन।

BOARDOFSECONDARYEDUCATION,MADHYAPRADESH,BHOPAL

प्रश्न क्र.

(iv) बिल ब्राडली के अनुसार :-

"संयुक्त राष्ट्र संघ का यह सुनिश्चित करने के लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्ध है कि विश्व के सभी देश आर्थिक, सामाजिक तथा वैज्ञानिक प्रगति में हिस्सा लें।"


★ संयुक्त राष्ट्र संघ के लक्ष्य ★

| | | |
|---|---|---|
| अगामी पीढी को युद्ध से बचाना | विश्व शान्ति को बनाए रखना | सहयोग व सद्भावना का विकास |

B
S
E

MADHYAPRADESH,BHOPAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION,MADHYAPRADESH,BHOPAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION

## प्रश्नोत्तर क्र-23




## ★ सिक्किम का विलय ★

## ( Sikkim's Merger )

i) आजादी के समय सिक्किम को भारत की शरणागति प्राप्त थी।

ii) इसका अर्थ है कि सिक्किम भारत का अंग नहीं था लेकिन वह भारत से अलग एक संप्रभु राष्ट्र भी नहीं था।

iii) सिक्किम के विदेशी व रक्षा मामलो का जिम्मा भारत सरकार का था जबकि यहाँ के स्थानीय शासन की बागडोर यहा के राजा चोग्याल के हाथों मे थी।

iv) यह व्यवस्था कारगर साबित नहीं हुई क्योंकि चोग्याल यहाँ की जनता की लोकतान्त्रिक आकांक्षाओं को पूरा

EDUCATION MADHYAPRADESH, BHOPAL BOARDOFSECONDARYEDUCATION, MADHYAPRADESH, BHOPAL BOARDOFSECONDARYEDUCATION, MADHYAPRADESH, BHOPAL BOARDOFSECONDARYEDUCATION, MADHYAPRADESH, BHOPAL BOARDOFSECONDARYEDUCATION, MADHYAPRADESH

न क्र.

नहीं कर सके।

(v) सिक्किम में बड़ी आबादी नेपाली जनता की है नेपाली जनता के मूल में यह भावना घर कर गई कि चोग्याल उन पर लेपचा-भूटिया जाति के एक छोटे से अभिजन तबके का शासन थोप रहे हैं।

(vi) सिक्किम की जनता ने भारत सरकार से मदद माँगी और भारत सरकार का समर्थन प्राप्त किया।

(vii) सिक्किम विधानसभा के लिए पहला प्रत्यक्ष चुनाव 1974 में हुआ और इसमें कांग्रेस को भारी सफलता मिली।

(viii) यह पार्टी सिक्किम के भारत में पूर्ण विलय के पक्ष में थी। सिक्किम ने पहला भारत का सह-प्रान्त बनने की ~~कोसिस~~ कोशिश की।

(ix) सिक्किम में भारत के विलय के लिए जनमत सर्वेक्षण कराया गया और इसमें लोगो ने विधानसभा के फैसले पर मुहर लगाई।

इस प्रकार सिक्किम 1975 में भारत का 22 वाँ राज्य बना।

प्रश्नोत्तर क्र-22

पश्चिमी साम्राज्यवाद के उदय से पहले भारत और चीन एशिया की महाशक्ति थे। नेहरू के दिल में चीन को लेकर दोस्ती के भाव विद्यमान थे। भारत ने चीन के साथ साथ अपने सम्बन्धों की शुरूआत काफी दोस्ताना ढंग से की।

★भारत-चीन सम्बन्धों में मतभेद के कारण★

★(1) सीमा विवाद★

(i) आजादी के तत्काल बाद चीन ने सन् 1950 में तिब्बत को हड़पने तथा भारत के लद्दाख के अक्साई चीन क्षेत्रों पर अपने प्रभुत्व का दावा किया।

(ii) भारत ने तिब्बत पर अपनी सैनिक बस्तियां बसाई तथा अरुणाचल प्रदेश के कुछ क्षेत्रों पर भी अपने स्वामित्व का दावा किया है।

(iii) भारत का जवाब है सीमा-नियंत्रण फैसला अंग्रेजी शासन के समय ही ~~मुलक्षा~~ सुलझा लिया गया था लेकिन ~~भारत~~ चीन ने कहा कि अंग्रेजी शासन का समय का फैसला नही माना जाएगा।

प्रश्न क्र.

★तिब्बत को हड़पने की कोशिश★

(i) तिब्बत मध्य एशिया का एशिया का मशहूर पठार है।

(ii) चीन इस पर कब्जा कर यहाँ साम्यवाद फैलाना चाहता है।

(iii) तिब्बत के लोगो ने भारत सरकार से मदद की गुहार लगाई थी।

★दलाई लामा को शरण★

(i) तिब्बत के धार्मिक नेता दलाई लामा ने भारत से सन् 1959 में शरण मांगी थी।

(ii) भारत ने दलाई लामा समेत अनेक तिब्बती शरणार्थियो को शरण दी है।

(iii) भारत मे हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला मे तिब्बती शरणार्थियों की बहुत बड़ी बस्ती है।

(iv) चीन ने दावा किया है कि भारत चीन के विरोधी गतिविधियों को हवा दे रहा है।

★अन्य विवाद★

(i) सीमा विवाद को लेकर चीन ने 1962 में भारत

प्रश्न क्र.

ए आक्रमण किया। इसमें भारत को सैनिक पराजय झेलनी पड़ी। इससे भारत-चीन सम्बन्धों में खटास पैदा हुई है।

(ii) पाकिस्तान के परमाणु कार्यक्रम में भी चीन को हिस्सेदार माना जाता है।

(iii) दक्षिण एशिया में चीन के सम्बन्धों को भारतीय हितों के खिलाफ माना जाता है।